आंचलिक



रामनगर में सेवा संकल्प अभियान की जगमगाहट

रामजानकी मंदिर समेत पूरे ब्लाक में रोशन हुए दीप, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजन ने लिया सहभागिता का संकल्प

नवभारत न्यूज

रामनगर 17 सितम्बर। मैहर जिले के रामनगर में सेवा संकल्प अभियान के तहत दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सतना कैंप स्थित रामजानकी मंदिर सहित पूरे ब्लॉक में दीप जलाए गए, जिससे मंदिर परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा और माहौल उत्साह से भर गया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अमले, छात्र-छात्राओं और आमजन ने दीप प्रज्वलित कर अभियान में सहभागिता की। इस दौरान रामनगर एसडीएम एसपी मिश्रा, जनपद सीईओ भारती दीक्षित, पूर्व अध्यक्ष रामसुशील पटेल नगर परिषद तहसीलदार अनामिका सिंह, नायब तहसीलदार ललित धार्वे और नायब तहसीलदार संजीव पांडे सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर सेवा संकल्प अभियान को समर्थन दिया।

विद्यालयों में दीप प्रज्ज्वलन एवं पौधरोपण

नवभारत न्यूज

अमदरा 17 सितम्बर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत अमर शहीद शंकर प्रसाद पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमदरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिसर में दीप प्रज्वलित कर सेवा और समाजहित के कार्यों का संकल्प लिया गया तथा पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार गौतम, अधिवक्ता रमाकांत दुबे, नीलेंद्र दुबे, प्राचार्य पवन यादव सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार गौतम ने कहा कि सेवा केवल किसी एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी निरंतर जिम्मेदारी है। पर्यावरण संरक्षण, जरूरतमंदों की सहायता और सामाजिक जागरूकता जैसे कार्यों के माध्यम से हम समाज को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधों की देखभाल करने और स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही हायर सेकेंडरी विद्यालय सभागंज के कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुजीत शिवहरे उपस्थित रहे साथ ही

प्रदर्शनी पूर्व विद्यालय अमदरा में भी सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां भी दीप प्रज्वलन के साथ पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में चंद्रभान विश्वकर्मा,, रमाकांत दुबे, निलेंद्र दुबे शैलेश अग्रवाल सहित विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

दोनों विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और पर्यावरण संरक्षण एवं समाजसेवा के प्रति अपना संकल्प व्यक्त किया।

यात्रियों को मिलेगा आरओ का स्वच्छ जल

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 17 सितम्बर। रामपुर बाघेलान के बस स्टैंड में राहगीरों को सबसे आवश्यक पेय जल की व्यवस्था थी जिसके लिए नगर परिषद् रामपुर बाघेलान द्वारा यात्री प्रतीक्षालय में ब? आर ओ की व्यवस्था कराई गई है।

यात्री प्रतीक्षालय में लगे आरओ का शुभारंभ रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह के मुख्य आतिथ्य में यात्रियों को स्वच्छ जल पिला कर किया गया वहीं विधायक श्री सिंह ने कहा कि यात्रियों को यात्रा करते वक्त सबसे आवश्यक स्वच्छ जल होता है जो उन्हें चौबीसों घंटे बस स्टैंड रामपुर बाघेलान में मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्यरूप से जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह छोटू, नगर विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह ,सीएमओ सुश्री पूजा द्विवेदी, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष कमलेश कचेर ,नगर परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार कोल ,पार्षद शिवांक त्रिपाठी ,अब्दुल इशहाक खां ,रजनीश साकेत, उमेश विश्वकर्मा, एल्डर मैन दिनेश सोनी ,सुंदर केशरवानी ,शिवकुमार त्रिपाठी ,उपयंत्री विश्वजीत कुशवाहा, शिवमोहन सिंह लाला ,सुनील सिंह ,कुबेर ताम्रकार ,जितेंद्र सिंह , संदीप गुप्ता, टिंकू वर्मा ओमप्रकाश विश्वकर्मा, आशीष सिंह ,हरिओम सिंह, संदीप वर्मा सुरेंद्र सिंह अभिषेक खरे रामविश्वास कुशवाहा ,इस्राइल सौदागर ,आकाशदीप सेन ,मोंटी सोनी ,बद्री प्रसाद द्विवेदी सहित समस्त कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कोठी में कश्यप जयंती पर शोभा यात्रा निकली, हुए रंगारंग कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

कोठी 17 सितम्बर। कसौधन वैश्य समाज कोठी ने महर्षि कश्यप ऋषि जी की जयंती के पावन अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया।

समाज के महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी सज धज कर तैयार होकर सर्वप्रथम महर्षि कश्यप जी की झांकी को रथ में सवार कर गुप्ता कॉलोनी बस स्टैंड से होते हुए शोभा यात्रा निकाली जो कोठी बाजार का भ्रमण करते हुए कसौधन वैश्य धर्मशाला पहुंची ।

धर्मशाला प्रांगण पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन किए गए जिसमें नृत्य संगीत नाटक एकांकी का अद्भुत प्रदर्शन बच्चों द्वारा किया गया, कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पुरस्कार भी दिया गया और अतिथियों ने अपना उद्बोधन दिया और समाज के उत्थान एवं विकास पर विस्तृत चर्चाएं की इस दौरान कसौधन वैश्य समुदाय के अध्यक्ष रवि गुप्ता महामंत्री मनोज गुप्ता कृष्ण कुमार गुप्ता रामकेश गुप्ता प्रमोद गुप्ता कमलेश गुप्ता अमर गुप्ता राकेश गुप्ता राहुल गुप्ता शिवम गुप्ता दिव्यांशु गुप्ता आयुष गुप्ता ध्रुव गुप्ता हर्ष गुप्ता लक्ष्य गुप्ता सागर गुप्ता अनिकेत गुप्ता सुनील गुप्ता सुशील गुप्ता समीर गुप्ता सतीश गुप्ता अमित गुप्ता शहीद कई सैकड़ो की संख्या में कसौधन बस समुदाय के महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी मौजूद रहे।

जगह-जगह हुआ यात्रा का स्वागत

इस दौरान शोभा यात्रा का जगह-जगह नगर के लोगों ने स्वागत किया बस स्टैंड परिसर पर व्यापारी संघ कोठी के अध्यक्ष राम जी गुप्ता और उनकी टीम के सभी सदस्यों द्वारा यात्रा का स्वागत करते हुए जलपान वितरित किया गया वहीं अस्पताल परिसर के सामने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोठी के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने स्वागत किया और महर्षि कश्यप की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोठी के अध्यक्ष विनय सिंह गुड्डा पूर्व अध्यक्ष नलिनेंद्र मिश्र डब्बू जिला महामंत्री यादवेंद्र सिंह पंजू किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष उमेश सिंह महासचिव बृजेश गर्ग सोनू मंडलम के पूर्व अध्यक्ष सतीश पांडे राजा राजेंद्र त्रिपाठी अजय सिंह राजा नितेश सिंह उमाशंकर पांडे सहित अन्य कांग्रेस जन मौजूद रहे वहीं बाजार परिसर पर वरिष्ठ समाजसेवी विपिन सिंह के नेतृत्व में शोभायात्रा का जोरदार भव्य स्वागत किया गया विपिन सिंह व उनकी टीम के लोगों ने इस दौरान मार्च कश्यप ऋषि की आरती उतार कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया हुआ लोगों को प्रसाद वितरित किया।

ग्रामोदय विश्वविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 17 सितंबर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 26 तक ष्सेवा संकल्प अभियान आयोजित किया जा रहा है अभियान के प्रथम दिन विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में संकायाध्यक्षों के संयोजन में स्वच्छता अभियान संचालित किया गयाए जिसमें विद्यार्थियों शिक्षकों अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान किया।

इस अवसर पर कुलगुरु प्रोण् आलोक चौबे ने विद्यार्थियों के साथ स्वच्छता के लिए श्रमदान किया उन्होंने श्रमदान के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ सुंदर एवं सुरक्षित बनाए रखने में अपना सार्थक योगदान दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल किसी अभियान तक सीमित न रहकर हमारे व्यवहार और दैनिक जीवन का हिस्सा बननी चाहिए सेवा संकल्प अभियान की इसी श्रृंखला में चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से सेवा स्वच्छता पर्यावरण एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े संदेशों को अभिव्यक्त किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रोण् आञ्जनेय पांडेय उपस्थित रहे अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में वृक्षारोपण चित्रकला प्रतियोगिता नशामुक्ति एवं स्वास्थ्य जागरूकता आयुष मेगा स्वास्थ्य शिविर तथा जनकल्याण एवं महामारियों की रोकथाम संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

विश्वकर्मा जयंती पर विधिवत पूजन

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर भगवान विश्वकर्मा का विधि .विधान से पूजन .अर्चन किया गया। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो आञ्जनेय पांडेय शामिल हुए इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा के पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कुलसचिव प्रोण् पांडेय ने भगवान विश्वकर्मा के कृतित्व एवं निर्माण .कौशल में उनके योगदान पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में कार्यशाला निदेशक इंजीण् रमाकांत त्रिपाठी सहित कार्यशाला के अधिकारी .कर्मचारी तथा इंजीनियरिंग संकाय के छात्र .छात्राएं उपस्थित रहे।

छात्रों के गूंज कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कोठी में कल

नवभारत न्यूज

कोठी 17 सितम्बर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी का 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित छात्रों की गूंज का कार्यक्रम आयोजित होगा।

कार्यक्रम का प्रसारण कोठी में भी किया जाएगा इसके लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोठी ने बैठक कर यह निर्णय लिया है कि कोठी के दीन सहायक संस्था परिसर पर राहुल गांधी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा यह कार्यक्रम सायं 5:00 बजे से आयोजित होगा इसके लिए कांग्रेस ने सभी क्षेत्रवासियों एवं सभी छात्रों तथा आम जनमानस से आवाहन किया है कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर राहुल गांधी के विचारों को सुने कांग्रेस पदाधिकारियों ने इसके लिए कैंपेन भी चलाया है और अधिक से अधिक लोगों का रजिस्ट्रेशन भी करवाया है कोठी के भी कांग्रेसियों ने इस कार्य में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है और क्षेत्र के युवा छात्रों से मिलकर उनका रजिस्ट्रेशन भी स्कैन कर किया है साथ ही पिछले कई दिनों से कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी लगातार क्षेत्रीय लोगों से मिलकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोठी के अध्यक्ष विनय सिंह गुड्डा किसान कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह पप्पू किसान कांग्रेस के जिला महासचिव बृजेश गर्ग सोनू पूर्व मंडलम अध्यक्ष सतीश पांडे राजा रिंकू सिंह उत्तम सेन सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कोठी का भ्रमण कर राहुल गांधी के छात्रों की गूंज के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए लोगों को तैयार किया।

गूंज कार्यक्रम के लिए नागौद में सैकड़ों छात्रों ने कराया रजिस्ट्रेशन

नागौद। 19 सितंबर को इंदौर में राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर नागौद में छात्र-छात्राओं के रजिस्ट्रेशन का अभियान चलाया गया। महात्मा गांधी कॉलेज नागौद, जानकी महाविद्यालय सहित विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर सैकड़ों छात्रों का रजिस्ट्रेशन कराया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को 19 सितंबर को शाम 4 बजे उमा विलास पैलेस में आयोजित लाइव प्रसारण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की आवाज और उनके मुद्दों को प्रमुखता से सामने लाना है। इस अवसर पर पूर्व रैगांव विधायक कल्पना वर्मा, जिला संगठन मंत्री नागेश मिश्रा, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट मुख्तार अहमद सिद्दीकी, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह परिहार, अनुराग सिंह, धर्मेंद्र रजक, मो. रियाज गोलू, मयंक कुशवाह, राहुल मिश्रा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

नायब तहसीलदार को कब से दिया अहस्तांतरणीय भूमि में नामांतरण का अधिकार : आशुतोष

नवभारत न्यूज

मझगवां 17 सितम्बर। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव आशुतोष द्विवेदी ने प्रेस में जारी किए गए बयान में कहा की इन दीनों सतना जिले की बरौंधा उपतहसील में प्रशासन का नंगा नाच चल रहा है।

श्री द्विवेदी ने कहा मध्य प्रदेश में शासन द्वारा गरीब और भूमिहीनों को पट्टे अथवा बंटन/व्यवस्थापन योजना के तहत दी जाने वाली जमीनों के हस्तांतरण पर सख्त वैधानिक प्रतिबंध है, लेकिन सतना जिले की मझगवां तहसील अंतर्गत नायब तहसीलदार वृत्त बरौंधा में नियमों को ताक पर रखकर नामांतरण का बड़ा मामला सामने आया है। सरकारी रिकॉर्ड (खसरे) में स्पष्ट रूप से अहस्तांतरणीय दर्ज होने के बावजूद नायब तहसीलदार सुदामा प्रसाद कोल द्वारा आदेश पारित कर जमीन का नामांतरण निजी व्यक्ति के नाम दर्ज कर दिया गया। वहीं किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ने सरकार कुंवारे हाथों लेते हुए कहा अगर मध्य प्रदेश की सरकार ने नायब तहसीलदारों को अहस्तांतरणीय भूमि पर भी नामांतरण करने का अधिकार दे दिया है तो इस आदेश को सार्वजनिक करें और अगर नहीं हुआ तो दोषी व्यक्तियों के खिलाफ फिर दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए

बाढ़ पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे आई नई दिल्ली की सीड्स संस्था

2 दिनों में 6 गांवों के 134 परिवारों को मिले बाढ़ राहत किट

नवभारत न्यूज

बरौंधा 17 सितम्बर। 29 अगस्त को आई बाढ़ ने जिले में भयंकर तबाही मचाई थी। जिसके कारण म.प्र. के सतना जिले सहित उ.प्र. के चित्रकूट जिले के मानिकपुर क्षेत्र के बहुत सारे गांव जलमग्न हुए थे।

मझगवां क्षेत्र के पैस्युनी नदी में आई बाढ़ ने पिंडरा गांव के आस - पास बसे कई गांवों सहित चित्रकूट के मंदाकिनी नदी किनारे बसे कई गांवों को प्रभावित किया था। लोगों के घरों में पानी भरने से गरीब परिवारों के घर गिर गए हैं व कुछ क्षति ग्रस्त हुए जो अब रहने लायक नहीं बचे हैं, जिसके कारण घरों में रखी राशन सामग्री, कपड़े, बर्तन सब कुछ दबकर खराब हो गए थे। गरीब परिवारों का आशियाना छिन जाने से परिवारों में भुखमरी की स्थिति निर्मित हो गई थी, लोगों के घरों में कई दिनों तक चूल्हा तक नहीं जला था। ऐसी विकट परिस्थिति में जिला प्रशासन ने लोगों को आश्रय देने एवं भोजन की व्यवस्था अस्थाई रूप से बनाए गए रैन बसेरों, धर्मशालाओं, पंचायत भवनों में नि:शुल्क कराई थी। इसके साथ ही प्रभावित परिवारों की मदद के लिए जिला प्रशासन के अतिरिक्त स्वयं सेवी संस्थाएं, व्यवसाई , समाज सेवी एवं जनप्रतिनिधि भी आगे आकर पका हुआ भोजन, सूखा राशन, सब्जी, त्रिपाल, कपड़े आदि राहत किट घर - घर पहुंचाने का कार्य किया था। आज उसी कड़ी में नई दिल्ली की एक स्वयं सेवी संस्था सीड्स जो भारत में आपदा प्रबंधन और सामुदायिक विकास कार्य के नाम से प्रसिद्ध है, उन्होंने भी मझगवां क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों में अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान चित्रकूट (उ . प्र.) के सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर राहत किट के कार्य में सहयोग प्रदान किया है।

उन्होंने पहले अ.भा. समाज सेवा संस्थान के सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बाढ़ प्रभावित गांवों मे जाकर प्रभावित परिवारों की सूची बनाने का कार्य किया है। उपर्युक्त सूची के अनुसार सीड्स संस्था ने 300 परिवारों को बाढ़ राहत सामग्री अ.भा. समाज सेवा संस्थान को प्रदान किया है।

एक नजर में

पीएम मोदी के जन्मदिन पर जलाए गए आर्शीवाद के दिए

उचेहरा। नगर परिषद उचेहरा में सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के सभी वार्ड एवं प्रमुख मंदिरों में 4000 दीप जलवाए गए । कार्यक्रम में नगर परिषद उचेहरा के अध्यक्ष निरंजन प्रजापति मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रभात वरक?, अभिलाष शर्मा, राजेश प्रताप सिंह कृष्ण प्रताप सिंह विकास ताम्रकार अभिषेक पाठक एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा कर्मचारी गण उपस्थित रहे एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

टीके के बाद नवजात की हालत बिगड़ी, मुंह से निकला झाग , एनआईसीयू में भर्ती

नागौद। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नागौद में टीका लगने के बाद एक नवजात की तबीयत अचानक बिगड़ने का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि टीका लगाने में लापरवाही के कारण बच्चे की हालत बिगड़ी। बताया जा रहा है कि टीके के तुरंत बाद नवजात के मुंह से झाग निकलने लगा। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। नवजात डोढ़ा निवासी पिंकी रजक का बताया जा रहा है। बच्चे को गंभीर हालत में देर रात सतना जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बच्चा जिला अस्पताल के एनआईसीयू में भर्ती है, जबकि मां आईसीयू के सामने 3 नंबर वार्ड में एडमिट है। परिजनों ने मामले की जांच की मांग की है।

कल लगेगा रक्तदान शिविर, तैयारियां पूर्ण

अमदरा। जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमदरा में 19 सितंबर 2026 को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में अधिक से अधिक लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। इनमें डॉ. पीयूष पाण्डेय, खंड चिकित्सा अधिकारी, आशीष तिवारी, लैब टेक्नीशियन, चंदनपाल सिंह, लैब टेक्नीशियन, धनुधारी पटेल, लैब टेक्नीशियन, रामनारायण कुशवाहा, वाहन चालक, ओम प्रकाश कुशवाहा, अटेंडर तथा राजेन्द्र श्रीवास्तव, वार्ड बॉय शामिल हैं।

भारत इंटरनेशनल स्कूल में दोहरे उत्सव की धूम

गणेश पूजा के साथ मनाया गया हिंदी दिवस

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 17 सितम्बर। भारत इंटरनेशनल स्कूल में गणेश चतुर्थी एवं हिंदी दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य और गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दोहरे उत्सव को लेकर स्कूल परिसर में भारी उत्साह देखा गया, जहां बच्चों के भीतर अध्यात्म, कला और अपनी संस्कृति के प्रति चेतना जगाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संचालक सुनील सोनी एवं श्रीमती पद्मा सोनी ने भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्था संचालक सुनील सोनी ने बच्चों को संबोधित करते हुए हिंदी दिवस और मातृभाषा के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा के प्रति सदैव आदर और सम्मान की भावना रखनी चाहिए, क्योंकि भाषा ही हमें अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़कर रखती है। वहीं, स्कूल के प्राचार्य मनीष तिवारी ने भी भगवान गणेश जी से बच्चों के लिए अच्छे संस्कार, बुद्धि , विवेक की कामना की। उत्सव को और रंगीन बनाने के लिए स्कूल में हिंदी लेखन, फैंसी ड्रेस और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी कला, वेशभूषा और भाषा कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

जन औषधि केंद्र जरुरत मंदों के लिए वरदान होगा साबित

नवभारत न्यूज

उचेहरा 17 सितम्बर। देश के प्रधानमंत्री के जन्म दिन के तोहफे के रुप मे जिलारेड क्रास सोसायटी द्वारा उचेहरा सी एच सी में सादे किंतु गरिमामय आयोजन में इस केंद्र की भव्य शुरुआत हुई केंद्र के उद्घाटन पश्चात ही कई जरूरत मंदो ने बाजार से सस्ती दर पर दवाइयां खरीदी यह क्रेंद्र सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक खुला रहेगा ।

आयोजन की शुरुआत मंचासीन अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन से हुई । फीता काट कर केंद्र का शुभारम्भ हुआ । आयोजन के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप मे रेडक्रास के सचिव आर्थो डॉ शरद दुबे , डॉ अशोक समदरीया,डी के शर्मा, डॉ गुप्ता जी,संजय शुक्ला मंचासीन रहे अध्यक्षता मुख्य खंड चिकित्साअधिकारी डॉ ए .के. राय ने की संचालन शुशील पांडेय और आभार रेडक्रास के पदाधिकारियों ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने सारगर्भित उदबोधन में कहा कि यहां मिलने वाली द्वावा ङ्घ ॥ह से प्रमाणित है लोग भृम में न रहें ओ पी डी में कम संख्या में ही दवा मिलती हैं यहां 1960 प्रकार की दवा और 290 प्रकार के सर्जिकल उपकरण मिल सकेंगे वह भी बाजार दर से 50 से 90 ह्र की छूट पर हासिल जानकारी अनुसार यह नया केंद्र जिला रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से संचालित हो रहा है जल्द ही सभी जरूरी दवाइयां यहां उपलब्ध कराने की बात कही गई । मुख्य अतिथि ने आगे कहा कि उचेहरा में इस केंद्र के माध्यम से जरूरत मंदो को दवा काफी कम रेट में मिलना किसी वरदान से कम नही विशिष्ट अतिथि डॉ शरद दुबे ने जल्द ही इस केंद्र को गूगल मैप के माध्यम से खोजे जाने के साथ ही आन लाइन सुविधा उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया विधायक प्रतिनिधि ने यहां के डक्टरों से इस केंद्र से ही मरीजो को दवा खरीदने के लिए प्रेरित करने की बात कही।